Cambridge IGCSE

**Cambridge Assessment International Education**
Cambridge International General Certificate of Secondary Education

CANDIDATE NAME

CENTRE NUMBER

CANDIDATE NUMBER

*2804022070*

**HINDI AS A SECOND LANGUAGE** **0549/02**

Paper 2 Listening **February/March 2019**

**Approx. 35–45 minutes**

Candidates answer on the Question Paper.

No Additional Materials are required.

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your centre number, candidate number and name in the spaces at the top of this page.
Write in dark blue or black pen.
Do not use staples, paper clips, glue or correction fluid.
DO **NOT** WRITE IN ANY BARCODES.

Answer **all** questions.

The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

This document consists of **6** printed pages and **2** blank pages.

NL 162453/2
© UCLES 2019

Cambridge Assessment International Education

[Turn over

**अभ्यास 1: प्रश्न 1–6**

**प्रश्न 1 से 6 के लिए आप क्रमानुसार कुछ संक्षिप्त संवाद सुनेंगे। उनके आधार पर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नीचे दी गई रेखा पर लिखिए। आपके उत्तर जहाँ तक हो सके संक्षिप्त होने चाहिए।**

**आपको प्रत्येक संवाद दो बार सुनाया जाएगा।**

**1** राकेश फ़ोन किस वजह से ले गया था?

.................................................................................................................................[1]

**2** ताजमहल की कहानी कहाँ लिखी है?

.................................................................................................................................[1]

**3** टर्मिनल एक जाने के लिए लाल बत्ती से किधर जाना होगा?

.................................................................................................................................[1]

**4** बर्कले विश्वविद्यालय ने अंगद को क्यों सम्मानित किया?

.................................................................................................................................[1]

**5** स्वागत डेस्क पर महिला ने पुरुष से क्या माँगा?

.................................................................................................................................[1]

**6** महरौली का लौह स्तंभ क्या साबित करता है?

.................................................................................................................................[1]

[Total: 6]

**अभ्यास 2: प्रश्न 7**

**लोकप्रिय गायिका रेश्मा का इंटरव्यू लेकर लौटे पत्रकार राकेश चोपड़ा के साथ इंद्रधनुष की प्रस्तुतकर्ता गोपिका की बातचीत को ध्यान से सुनिए और नीचे छोड़े गए खाली स्थानों को भरिए।**

**यह बातचीत आपको दो बार सुनाई जाएगी।**




# लोकप्रिय गायिका रेश्मा

**स्वभाव**

- पाकिस्तानी गायिका रेश्मा संकोची स्वभाव की कलाकार थीं।
- रेश्मा जी **(i)** ............................ बात करने के लिए मशहूर थीं। [1]
- रेश्मा से राकेश की बातचीत **(ii)** ............................ पर हुई। [1]
- रेश्मा जी सचिन तेंदुलकर को नहीं **(iii)** ............................ थीं। [1]

**बचपन**

- रेश्मा जी जन्म से भारतीय थीं।
- रेश्मा जी **(iv)** ............................ राजपूतों के परिवार में पैदा हुई थीं। [1]
- रेश्मा जी के परिवार में **(v)** ............................ गाने की परंपरा थी। [1]
- रेश्मा जी का नाम शाहबाज़ कलंदर की **(vi)** ............................ पर गाने से हुआ। [1]

**रेश्मा जी और भारत**

- रेश्मा जी को भारत से बेहद प्रेम था।
- भारत में रेश्मा जी की प्रतिभा को सबसे पहले राजकपूर ने **(vii)** ............................ था। [1]
- रेश्मा जी भारत को अपना **(viii)** ............................ मानती थीं। [1]

[Total: 8]

**अभ्यास 3: प्रश्न 8–15**

**सुप्रसिद्ध शायर क़ैफ़ी आज़मी के बारे में उनकी बेटी और प्रख्यात अभिनेत्री शबाना आज़मी के संस्मरण को ध्यान से सुनिए और नीचे दिए गए प्रत्येक कथन में रेखांकित की गई ग़लती को सही शब्दों या वाक्यांश का प्रयोग करते हुए ठीक कीजिए।**

**यह संस्मरण आपको दो बार सुनाया जाएगा।**

**उदाहरणः अब्बा न तो ऑफ़िस जाते थे, न हिंदी बोलते थे।**
**अब्बा न तो ऑफ़िस जाते थे, न अंग्रेज़ी बोलते थे।**

**8** शबाना अपने दोस्तों से अपने पिता के बारे में बात करने से **शरमाती** थी।
शबाना अपने दोस्तों से अपने पिता के बारे में बात करने से ............................ थी। [1]

**9** शायर होने का क्या मतलब? यही न कि **लिखते-पढ़ते हैं!**
शायर होने का क्या मतलब? यही न कि ............................ ! [1]

**10** फ़िल्मों में गीत लिखने से शबाना के मन में अब्बा की छवि **धूमिल हो गई।**
फ़िल्मों में गीत लिखने से शबाना के मन में अब्बा की छवि ............................ । [1]

**11** सारे रंगों की तरह काला रंग भी बहुत **सहज** होता है।
सारे रंगों की तरह काला रंग भी बहुत ............................ होता है। [1]

**12** कामयाबी दूसरों की नकल करने में नहीं, **मौलिकता** में है।
कामयाबी दूसरों की नकल करने में नहीं, ..................... में है। [1]

**13** माँ को अक्सर **प्रतियोगिताओं** के लिए जाना पड़ता था।
माँ को अक्सर ............................ के लिए जाना पड़ता था। [1]

**14** नाटकों की तैयारी करते वक़्त मम्मी के मन में **डर** छा जाता था।
नाटकों की तैयारी करते वक़्त मम्मी के मन में ............... छा जाता था। [1]

**15** अब्बा ने मुझे समझाया कि मम्मी को कितने **कम बजट में** कितने बड़े नाटक की तैयारी करनी पड़ रही है।
अब्बा ने मुझे समझाया कि मम्मी को कितने ............................ कितने बड़े नाटक की तैयारी करनी पड़ रही है। [1]

[Total: 8]

© UCLES 2019 

**अभ्यास 4: प्रश्न 16–23**

**इंदौर की पूर्व महापौर सुमित्रा जोशी के साथ पत्रकार विनय राय की बातचीत को ध्यान से सुनिए और निम्नलिखित वाक्यों को पूरा करने के लिए A, B अथवा C में से किसी एक विकल्प को सही| [✓] का निशान लगा कर चुनिए।**

**यह बातचीत आपको दो बार सुनाई जाएगी।**

**16** इंदौर को स्वच्छ बनाने में किस की प्रमुख भूमिका थी?

**A** इंदौर के मध्य प्रदेश का सबसे पुराना शहर होने की। ☐

**B** इंदौर के लोगों पर संगीत के प्रभाव की। ☐

**C** इंदौर के मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा शहर होने की। ☐

[1]

**17** इंदौर के सामने सबसे बड़ी समस्या क्या थी?

**A** लोगों को कचरा फेंकने से रोकना। ☐

**B** लोगों को कूड़ेदानों का प्रयोग करने के लिए मनाना। ☐

**C** लोगों को कचरा गाड़ियों की तरफ़ खींचना। ☐

[1]

**18** लोगों पर किस चीज़ का सबसे बड़ा असर हुआ?

**A** कचरा वाहनों पर बजाए जाने वाले गानों का। ☐

**B** कचरा उठाने के लिए गाड़ियों के घर-घर आने का। ☐

**C** कचरा वाहनों के पर्याप्त संख्या में और बार-बार आने का। ☐

[1]

**19** इंदौर के लोगों की शिकायत दूर करने के लिए क्या किया गया?

**A** कचरा वाहनों की संख्या बढ़ाई गई। ☐

**B** छोटे कूड़ेदानों की जगह बड़े कूड़ेदान रखे गए। ☐

**C** सड़कों और गलियों में कचरा फेंकना बंद किया गया। ☐

[1]

**20** इंदौर में कचरे की मात्रा को कैसे कम किया गया?

**A** सूखे कचरे को कचरागाहों में फेंक कर। ☐

**B** लोगों को अलग-अलग रंग के कूड़ेदान देकर। ☐

**C** रसोई और बाग़ीचे के कचरे से खाद बना कर। ☐

[1]

**21** इंदौर को मच्छर-मक्खियों से मुक्त रखने के लिए क्या किया गया?

**A** इंदौर शहर के नाले और नालियाँ साफ़ किए गए। ☐

**B** शहर में प्लास्टिक के थैलों की बिक्री पर रोक लगाई गई। ☐

**C** प्लास्टिक के कचरे के दोबारा उपयोग की व्यवस्था की गई। ☐

[1]

**22** सार्वजनिक स्थानों पर मल-मूत्र की समस्या को दूर करने के लिए क्या किया गया?

**A** पौने दो सौ सरकारी शौचालयों की मरम्मत की गई। ☐

**B** बारह हज़ार से अधिक निजी शौचालय बनवाए गए। ☐

**C** तीस से अधिक चलित शौचालय बनवाए गए। ☐

[1]

**23** पार्कों और उद्‌यानों को गोद लेने से क्या लाभ हुआ?

**A** इंदौर के पार्क और उद्‌यान हरे-भरे रहने लगे। ☐

**B** सफ़ाई के प्रति स्पर्धा और गौरव की भावना जगी। ☐

**C** खुली जगहें पार्कों और उद्‌यानों में बदलने लगीं। ☐

[1]

[Total: 8]

© UCLES 2019

**BLANK PAGE**

© UCLES 2019

**BLANK PAGE**

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

To avoid the issue of disclosure of answer-related information to candidates, all copyright acknowledgements are reproduced online in the Cambridge Assessment International Education Copyright Acknowledgements Booklet. This is produced for each series of examinations and is freely available to download at www.cambridgeinternational.org after the live examination series.

Cambridge Assessment International Education is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of the University of Cambridge Local Examinations Syndicate (UCLES), which itself is a department of the University of Cambridge.